## एक नजर में

### संगठन सृजन कार्यक्रम के प्रशिक्षण प्रभारी का सम्मान



**घट्टिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण में पधारे प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष व प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र जोशी का कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा व पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी, डॉ. विजय बोडाना, कुलदीप सिंह जाट, पोपसिंह पंवार, राजेन्द्र चंदेल, शेरखान, रघुनाथ चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की पाक्षिक बैठक में पर्यावरण संरक्षण-पेंशनर्स हितों पर चर्चा



**उज्जैन।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला उज्जैन की पाक्षिक बैठक आज प्रातः 10 बजे विक्रम कीर्ति मंदिर स्थित बालोद्यान में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि डॉ. योगेंद्र कोठारी का सम्मान अंग वस्त्र पट्टिका से चंद्रशेखर जोशी ने लिया विशेष अतिथियों में प्रमोद कुमार मेहता, जाकिर हुसैन देहलवी, कैलाशचंद्र राठौर, सुनीता राठौर, मीना श्रीवास्तव का सम्मान अंग वस्त्र पट्टिका से किया गया। बैठक का संचालन प्यारेलाल पालीवाल ने किया। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात संगठन के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद खान का 86वें जन्मदिवस के अवसर पर उनका पुष्पमाला दुपट्टे से अभिनंदन कर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दी गई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष अशोक दुबे एवं पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त संदेश का वाचन कर सदस्यों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य योगेश शर्मा ने प्रेरणादायक पंक्तियां सुनाई। बैठक में उपस्थित मंजू लता भाटी, सोहन पंड्या, चंद्रशेखर जोशी, शोभा पाठक, सावित्री मंडलोई, मोहनी मालवीय, विद्युत प्रभा पाठक, राम दयालशर्मा, दिनेश पालीवाल, सविता श्रीवास्तव 70 सदस्यों ने सहभागिता की अंत में संभागीय अध्यक्ष कमल भूतड़ा ने आभार व्यक्त किया। यह जानकारी प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पांडेय ने दी।

### जनता की सुविधा के लिए 20 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 13 के जानसापुरा क्षेत्र में पार्षद निधि से 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ पार्षद इमरान ख़ान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की गई। मंडलम अध्यक्ष आबिद ख़ान ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दौरान कांग्रेस नेत्री नूरी ख़ान एवं कांग्रेस परिवार द्वारा क्षेत्रवासियों से किए गए विकास कार्यों के वादों को पूरा करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में अभिषेक लाला शर्मा ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हाजी अब्दुल ख़ालिक, डॉ. सलमान ख़ान, नसीर ख़ान, अरबाज मौलाना, रज़ाक अब्बासी, रशीद शाह, कासिफ ख़ान, आसिफ ख़ान, वाजिद ख़ान, फ़हीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जनता से किए गए वादों को विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करना ही कांग्रेस की प्रतिबद्धता है।

### बावड़ी उत्सव में श्रमदान, पूजन और दीपमाला से दिया जल संरक्षण का संदेश



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बामोरा द्वारा गणेश मंदिर परिसर स्थित प्राचीन बावड़ी पर बावड़ी उत्सव का आयोजन उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर शिवप्रसाद मालवीय, अरुण व्यास, कविता शर्मा, डॉ. शीतल कुमार शर्मा, रमेश चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचीन बावड़ी के पूजन-अर्चन से किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों एवं ग्रामीणजनों ने श्रमदान करते हुए बावड़ी से कचरा एवं गंदगी निकालकर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत सायंकाल बावड़ी परिसर में 151 दीपकों की दीपमाला प्रज्वलित कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सुनील शर्मा, करण चौधरी, सुनील चांदने, संजयसिंह चावड़ा, इंदर चांदने, अखिलेश इंदर चांदने, लखन बनिया, सुनील चांदने, इंदर चांदने, शिवनारायण अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन करण चौधरी ने किया।

# रात दो बजे लगे निशान, 350 से ज्यादा टूटेंगे मकान-दुकान

- 24 खंबा से हरसिद्धि पाल तक किया जाएगा चौड़ीकरण
- 45 फीट की मांग पर डटे रहवासी



नवभारत न्यूज

**उज्जैन.** जब पूरा शहर नींद की आगोश में था ऐसे में बीती रात 2 बजे नगर निगम और अन्य सरकारी विभागों के तीन दर्जन से अधिक अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और मार्ग के दोनों छोर पर लाल निशान लगा दिए गए, दरअसल 24 खंबा से लगाकर हरसिद्धि की पाल तक चौड़ीकरण होगा जिसमें 350 से ज्यादा मकान दुकान टूटेंगे।

सिंहस्थ-2028 को तैयारियों के बीच शहर के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक मार्गों में शामिल 24 खंबा कहारवाड़ी, दुग्गड धर्मशाला से लेकर हरसिद्धि की पाल (छोटा रुद्रसागर) तक सड़क चौड़ीकरण की कवायद अब जमीन पर दिखाई देने लगी है. शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात के अंधेरे में हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के रहवासियों, व्यापारियों और मकान मालिकों में हड़कंप मच गया है.

**60 फीट चौड़ी होगी सड़क** - प्रस्तावित योजना के अनुसार इस मार्ग को लगभग 60 फीट तक चौड़ा किया जाना है, जबकि स्थानीय रहवासी और व्यापारी लगातार मांग कर रहे हैं कि सड़क की चौड़ाई 45 फीट रखी जाए. उनका कहना है कि 60 फीट चौड़ी सड़क बनने से बड़ी संख्या में मकान और दुकानें प्रभावित होंगी तथा लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा.

**धरना प्रदर्शन और गुहार** - रहवासियों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में इस मामले को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा था. ज्ञापन में मुख्यमंत्री के नाम मांग रखी गई थी कि चौड़ीकरण की सीमा कम की जाए. उस समय प्रशासन की ओर से मामले पर विचार करने और निर्णय लेने का आश्वासन भी दिया गया था, अब जिस प्रकार अचानक रात को निशान लगा दिए गए हैं, उससे प्रभावित परिवारों में चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है.

**हाथों से हटाना पड़ेंगे आशियाने**

स्थानीय लोगों का कहना है कि निशान लगने के बाद अब उन्हें न केवल अपने मकान और दुकानें खाली करनी पड़ सकती हैं, बल्कि अपने हाथों से ही वर्षों पुराने आशियानों को हटाने की नौबत भी आ सकती है. उनका मानना है कि यदि नगर निगम ने बुलडोजर और पोकलेन मशीनों के जरिए कार्रवाई शुरू कर दी तो नुकसान और अधिक बढ़ जाएगा. इसी कारण कई लोग चाहते हैं कि उन्हें स्वयं निर्माण हटाने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए.

**सीएम की मंशानुसार विस्तार**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ-2028 को अब तक का सबसे भव्य, सुव्यवस्थित और सफल सिंहस्थ बनाने की दिशा में लगातार काम किए जा रहे हैं. इसी दृष्टि से महाकाल मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, बड़ा गणेश मंदिर, चारधाम मंदिर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का विस्तार किया जा रहा है.

**धार्मिक स्थल भी जद में**

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार चौबीस खंभा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर (हरसिद्धि की पाल) तक प्रस्तावित चौड़ीकरण से लगभग 350 मकान और दुकानें प्रभावित हो सकती हैं. स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में स्थित कुछ प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक भवन भी इसकी जद में आ सकते हैं. व्यापारियों का तर्क है कि 60 फीट चौड़ी सड़क उनकी आजीविका पर गंभीर असर डालेगी, इसलिए वे चौड़ाई को 45 फीट तक सीमित रखने की मांग कर रहे हैं.

### महिलाओं को दी ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों और बचाव की जानकारी

**उज्जैन।** महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जीवनदीप परिवार द्वारा ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता और निःशुल्क कोलेस्ट्रॉल जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया।शिविर में डॉ. अरुणा मेहता ने प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर बीमारी की पहचान के महत्व को समझाया। जागरूकता सत्र के बाद प्रश्नोत्तर कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।



### शिविर में बनाई 275 अपार आईडी

**बड़नगर।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड स्रोत समन्वय के माध्यम से 1 जून से 30 जून तक प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अपार विहीन छात्र-छात्राओं की अपार आईडी का निर्माण किया जाएगा। जिससे बच्चों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकेंगा। अपार आईडी एक स्थाई और विशिष्ट पहचान संख्या है जो प्रत्येक छात्र-छात्राओं को उनके पूरे शैक्षणिक जीवन में एक डिजिटल प्रोफाइल प्रदान करती है। शाला मे प्रवेश, छात्रवृत्ति ,परीक्षा परिणाम, स्थानांतरण आदि शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनती है। अपार आईडी का शिविर बीआरसी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक संपन्न हुआ। शिविर में 275 अपार आईडी बनाई गई। उपरोक्त जानकारी बीआरसी प्रवीण शर्मा ने दी।

## पुरुषोत्तम मास में सजी पतंगी घटा उत्सव की मनमोहक झांकी

- हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, मनोरथी परिवारों ने की विशेष पूजा-आरती



उज्जैन। भगवान चारभुजा नाथ मंदिर गोला मंडी में पुरुषोत्तम मास प्रारंभ होने के साथ ही नित्य प्रभु की झांकी दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी श्रृंखला में पतंगी घटा उत्सव की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसमें पहुंचकर हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात मनोरथी ओमप्रकाश पलोड़, लोकेश खटोड़, दिलीप चिचानी, सतीश काबरा और नरेन्द्र चितलांग्या परिवार द्वारा आरती कर धर्मलाभ लिया गया। झांकी की आकर्षक सजावट श्रीमती शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा ने की।

इस अवसर पर ओमप्रकाश बाहेती, अर्पण इनानी, लोकेन्द्र काबरा, प्रदीप आगीवाल, सत्यनारायण सोमानी, प्रकाश चन्द्र सोडानी, प्रकाश काबरा, कल्पेश गट्टानी, ओमप्रकाश मूंदड़ा, सौरभ देवपुरा, सुनिल लाहोटी, कपिल भूतड़ा, गिरधर बजाज, पीयूष लाहोटी, द्वारकादास झंवर, चंचल आगीवाल, उषा झंवर, वंदना जैथल्या, अलक भूतड़ा, रीता गट्टानी, नीलम झंवर, पूर्णिमा परवाल, तृप्ती तोतला, कृतिका लाहोटी, निशा मूंदड़ा, पूजा देवपुरा और प्रतिभा दीक्षित ने भी आरती में सहभागिता की।

## रुपए से भरा बैग पुलिस ने लौटाया

**बड़नगर।** पुलिस थाना इंगोरिया ने 1 लाख 75 हजार रुपये से भरा गुमा हुआ बैग 01 घंटे में बरामद कर फरियादी ध्रुव पिता विनोद अग्रवाल उम्र 27 साल निवासी बैलागंज आगरा उत्तरप्रदेश को सुरक्षित लौटाया। 6 जून को वह उज्जैन से बी के यादव बस में बैठकर बदनावर काम से जा रहा था।



फरियादी आयुर्वेदिक मेडिसिन में मार्केटिंग का काम करता है। मार्केटिंग के काम से ही उज्जैन से बदनावर जा रहा था। बैग में करीबन नगदी 1,75000 हजार रुपये रखे हुए थे। यात्रा के दौरान फरियादी ने रुपये से भरा बैग अपना बस में रख दिया था। ग्राम इंगोरिया बस पहुंची तब फरियादी ने देखा की उसका रुपये से भरा बैग नहीं दिखा तो तुरंत थाने पर आकर मौखिक शिकायत की जिस पर थाना इंगोरिया से पुलिस टीम रवाना होकर तुरंत घेराबंदी कर चैकिंग की गई। चेकिंग में फरियादी का रुपयो से भरा बैग न्यु ब्रिज इंगोरिया के पास से बरामद किया गया है। बैग को चेक करते जिसमें फरियादी के कागजात व नकदी सुरक्षित मिले।

## सदानीरा और जल गंगा जैसे अभियान जरूरी...

**उज्जैन।** हम अपने ही क्रियाकलापों से विश्व जलवायु के ढांचे को बदल रहे हैं, जिससे तापमान में वृद्धि, गंभीर प्राकृतिक आपदाएं और पेयजल की कमी जैसे खतरे बढ़ रहे हैं। प्रकृति का शोषण करते-करते हम उस पर हक जमा बैठे हैं। सभ्यताएं हमेशा नदी किनारे ही विकसित हुई हैं, इसलिए सदानीरा और जल गंगा संवर्धन जैसे अभियान बेहतर पर्यावरण के लिए बेहद जरूरी हैं।



यह बात सम्राट विक्रमादित्य विवि की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य और विशाला सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह कुशवाह ने कही। वे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कालिदास अकादमी में प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा पर्यावरण पर्व-प्रकृति है तो ही जीवन है विषय पर आयोजित परिचर्चा में अध्यक्षीय उद्‌बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत उपन्यास सम्राट प्रेमचन्द के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अतिथियों का स्वागत पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने किया।मुख्य अतिथि डॉ. गोविन्द गंधे ने कहा कि प्रकृति पंच महाभूतों से बनी है। विशेष अतिथि पुरातत्वविद डॉ. रमण सोलंकी ने वनीकरण और सघन पौधारोपण को आज की महती आवश्यकता बताया।

विशेष अतिथि एवं पर्यावरण समिति की सचिव डॉ. प्रतिमा जोशी ने कहा कि हमें स्वयं आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लानी होगी।

### लक्ष्मीनृसिंह मंदिर में कल से गूंजेगी रास पंचाध्यायी की स्वर लहरियां

**उज्जैन।** शहर के छोटा सराफा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर में सोमवार 8 जून से भगवान श्रीकृष्ण की परमोच्च लीला रास पंचाध्यायी कथा का भव्य शुभारंभ होगा। श्री माहेश्वरी मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह चार दिवसीय कथा 11 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से होगी। कथा का वाचन श्रीरामानुजकोट के श्रीयुवराज स्वामी डॉ. माधवप्रपन्नाचार्यजी करेंगे। वे वेद-वेदांत के प्रकांड विद्वान और रास पंचाध्यायी के मर्मज्ञ माने जाते हैं। कथा स्थल की विशेष सजावटआयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कथा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया है।

### बी-डिजाइन कोर्स की सीटें बढ़ाकर की दोगुनी आधुनिक लैब से मिलेगा प्रैक्टिकल अनुभव

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय रोजगारोन्मुखी और स्किल आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने में जुटा है. इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बी-डिजाइन बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स शुरू किया था, जिसे विद्यार्थियों का अच्छा प्रतिसाद मिला.परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने बताया कि बी-डिजाइन के अंतर्गत कम्युनिकेशन डिजाइन और प्रोडक्ट डिजाइन जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं. पिछले वर्ष इस कोर्स में 30 सीटें निर्धारित की गई थीं,




## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**खाचरौद।** तहसील के ग्राम बिरियाखेड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रशासन द्वारा 14 फरवरी 2025 को ग्राम की सर्वे क्रमांक 327 0.100 हेक्टेयर शासकीय भूमि उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवंटित किए जाने के बाद 24 फरवरी को कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किया गया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि स्वीकृति मिलने के बावजूद आज तक निर्माण शुरू नहीं हो पाया।

ग्रामवासियों व सरपंच के साथ किसान नेता बल्लू गुर्जर ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्षों से पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य बाधित हैं। जिससे ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। अन्य पंचायतों में उप स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि बिरियाखेड़ी में भूमि आवंटन के बाद भी कार्य रुका हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य विकास कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

## श्रमिकों को जागरूक करेंगे मास्टर ट्रेनर

**उज्जैन।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड क्षेत्रीय निदेशालय इंदौर के तत्वावधान में उज्जैन के यूपीआईएस स्किल सेंटर में असंगठित क्षेत्र के प्रशिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। चार से छह जून तक चले इस कार्यक्रम में 20 प्रतिनिधियों व स्वयंसेवकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया गया है।




शुभारंभ यूपीआईएस एकेडमी के निदेशक अभय नरवरिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता शांति स्वरूप शर्मा ने की। संचालन जगदीप सिंह ने किया।

तीन दिन तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को नये श्रम संहिता के अंतर्गत वेतन सामाजिक सुरक्षा औद्योगिक संबंध और कार्यदशा संहिता के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षा अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्‌देश्य प्रतिभागियों को सक्षम बनाना है ताकि वे ग्रामीण व शहरी असंगठित क्षेत्रों में जाकर श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर सकें। किरण सिसोदिया और ग्रामीण क्षेत्र के स्वैच्छिक कार्यकर्ता संतोष कुमार का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी 20 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा किरण सिसोदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** विश्व पर्यावरण दिवस पर उज्जैन गार्डनिंग होबीइस्ट्स द्वारा आयोजन

# केवल सजावट नहीं, वास्तविक हरियाली जरूरी : माथुर

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उज्जैन गार्डनिंग होबीइस्ट्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अमित माथुर ने एक सरल लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि केवल सड़कों के डिवाइडरों पर बोगनविलिया या अन्य फूलदार झाड़ियां लगाने से पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है।



उन्होंने कहा कि आज शहरों में हरियाली के नाम पर जो प्रयास हो रहे हैं, वे अधिकतर सजावटी हैं, जबकि वास्तविक आवश्यकता ऐसे वृक्ष लगाने की है जो पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में योगदान दें। अमित माथुर ने जोर देते हुए कहा कि यदि हम अपने शहरों को सचमुच हरा-भरा और रहने योग्य बनाना चाहते हैं, तो हमें बड़े और छायादार पेड़ों के रोपण पर ध्यान देना होगा। ऐसे पेड़ न केवल छाया प्रदान करते हैं, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने, तापमान संतुलित रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता, पौधारोपण और सामूहिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अमिताभ, सुधांशु, जाबिर हुसैन, मोहम्मद जिया फारूकी, अभिमान विश्वास, मनोहर कुशवाह, शशांक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारा अस्तित्व है — और इसे बचाने के लिए हमें ठोस कदम उठाने ही होंगे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर रेल पटरियों पर फैले कचरे का किया निपटारा

**बड़नगर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को बड़नगर रेलवे स्टेशन पर रेल उपभोक्ता संघ के सदस्यों ने प्रतिदिन के अपने जल सेवा कार्य में से एक घंटा समय निकालकर स्वच्छ भारत, स्वच्छ शहर की तर्ज पर स्वच्छ रेलवे स्टेशन के दृष्टिगत रेल पटरियों के इर्द-गिर्द फैले कचरे- कूड़े, जूते- चप्पल और प्लास्टिक थैलियों आदि को इकट्ठा करने के लिए बनाई गई पांच टीम ने पांच थैला से अधिक कचरा बिन कर एक जगह पर उसका निस्तारण कार्य किया गया7 जिसमें प्रतिदिन जल सेवा में शामिल रहने वाले जलदूत मंजू जायसवाल, ममता जोशी, लाडली जोशी, ललितसुरेश सोनी, अतुल लाठी, दामोदर गिरधानी, परमेश्वर माली लोहारिया, सचिन डाबी, शाकिर अहमद जागीरदार, प्रकाशचंद बम, सुरेशचंद्र गोलेचा आदि ने हैंड ग्लब्स पहन कर साफ सफाई में प्रशंसनीय योगदान दिया। उपरोक्त जानकारी रेल उपभोक्ता संघ के संयोजक प्रेमनारायण पोरवाल ने दी।